हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

11 सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू कर गरीब को दी राहत



12 200 एकड़ जमीन खरीदेगी सरकार



## खबर संक्षेप

### गांव बसई में जन जागरण कार्यक्रम 7 को

**महेंद्रगढ़।** गांव बसई में सात जनवरी को अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों की जन जागरण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुलबीर सिंह बोहरा ने बताया की अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर सभी यादवों की ओर से प्रस्ताव पारित करके केंद्रीय सरकार को भेजा जाएगा। इस मौके पर दिवगंत वीरता प्राप्त मेडल को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।



### चोरों ने बिजली निगम के स्टोर से तार चुराई

**कनीना।** कनीना-सिहोर रोड पर बनाए गए स्टोर रूम से अज्ञात चोर बिजली के तार चोरी कर ले गए। शेषमणि दुबे निवासी साल्हीपुर अयोध्या ने शहर पुलिस को बताया कि वह टेलीकॉम नेटवर्क सॉल्यूशन कंपनी में काम करता है। जिसका स्टोर कनीना-सिहोर मार्ग पर स्थित है। यह कंपनी 132 केवी पावर ग्रिड सबस्टेशन की बिजली लाइन बिछाने का काम करती है। बीती रात्रि करीब पौने चार बजे उसने देखा की स्टोर की दो स्थानों से इंट उखड़ी हुई थी।

### गोशाला में सवामणी लगा मनाया पिता की जयंती

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में वीरवार को कुलदीप कानोड़िया ने अपने स्व. पिता स्वर्गीय श्रीराम कानोड़िया के जयंती पर सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि हमारे शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है।



### स्वयंसेवकों को दी जैविक विविधता की जानकारी

**सतनाली मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरेहती पिलानिया में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन वीरवार को स्वयंसेवकों को जैविक विविधता एवं बैंक संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार पारीक व नोडल ऑफिसर जिला महेंद्रगढ़ देशराज शर्मा, मैनेजर नवीन कुमार ने स्वयंसेवकों को जानकारी दी। देशराज शर्मा ने जैविक विविधता विषय पर जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से जैविक पेड़ पौधों जीव जंतुओं के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तृत जानकारी दी।

# पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य के नाम पर लगी मोहर, सुनील तायल 2 वोट से जीते

## छह में से तीन ने वापस लिए नामांकन, सुनील को मिले 16 में से 8 वोट, पार्षद देवेंद्र सैनी को 6 वोट और रजनेश कुमारी को मिले 2 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका कार्यालय वीरवार को हुए चुनाव में पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य के नाम पर मोहर लग गई है। शहर के वार्ड 15 के पार्षद सुनील तायल ने दो वोट से चुनाव जीतकर कमेटी के सदस्य बने हैं। चुनाव में नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी सहित शहर के 15 पार्षदों ने मतदान किया। नगर पालिका के अधिकारियों और पार्षदों का कहना है कि पेमेंट अप्रूव्ल कमेटी के सदस्य का चयन होने के बाद अब शहर में रूके विकास को गति मिलेगी।

प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी नगरपालिकाओ में एक पेमेंट अप्रूवल कमेटी बनाये जाने के आदेश जारी किए थे, ताकि विकास कार्यों की राशि जारी करने में पारदर्शिता रहे। इस कमेटी में नगर पालिका प्रधान, उप प्रधान, सचिव के अलावा एक पार्षद संबंधित वार्ड का पहले से ही निर्धारित है तथा कमेटी में एक सदस्य का चुनाव वार्ड पार्षदों में से होना था, लेकिन महेंद्रगढ़ नगरपालिका में अब तक यह कमेटी नहीं बनाई गई थी। इस वजह विकास कार्य भी शुरू नहीं हो पाए थे। नपा ने पिछले महीने मीटिंग भी बुलाई थी, लेकिन वह मीटिंग किसी कारण स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद 26 नंवबर को दोबारा से बैठक बुलाई गई। लेकिन नगर पालिका प्रधान को कोई काम होने के कारण बैठक स्थागित करनी पड़ी। वीरवार को एक बार फिर से पेमेंट अप्रूवल कमेटी का सदस्य का चयन निर्विरोध करने के लिए बैठक बुलाई गई, लेकिन किसी भी पार्षद पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

### तीन के बीच था मुकाबला

इसके बाद सुबह 11 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी नगरपालिका सचिव अनिल कुमार रहे। पेमेंट अप्रूव्ल कमेटी के सदस्य के लिए छह पार्षदों ने नामांकन किया था। लेकिन बाद में तीन पार्षदों ने अपना नाम वापस ले लिए। चुनाव में नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी सहित शहर के 15 पार्षदों ने मतदान किया। कमेटी के सदस्य के लिए वार्ड नंबर 15 सुनील तायल, वार्ड नंबर 3 की पार्षद रजनेश, वार्ड नंबर 9 से देवेंद्र सैनी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमे सुनील तायल दो वोट से विजयी रहें। सुनील तायल को आठ, देवेंद्र सैनी को छह तथा रजनेश कुमारी को 2 वोट मिले। चुनाव अधिकारी अनिल कुमार की ओर से परिणामों की घोषणा की गई।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में चुनाव से पहले बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि।

- चेयरमैन रमेश सैनी सहित चुनाव में 15 पार्षदों ने मतदान कर चुनाव में की अपनी भागीदारी



- सुनील तायल।

## जिले के 25 पशु अस्पतालों में नहीं पशु चिकित्सक

# वीएलडीए के भरोसे पशु अस्पताल

महेंद्रगढ़ जिले में लगभग तीन लाख पालतु पशु, जिनके बीमार होने पर पशु अस्पतालों पर टिकी रहती है पशु पालकों की उम्मीदें, चिकित्सकों के पद खाली होने से पशुओं का उपचार करवाने में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। पुरानी कचहरी के पास बना पशु अस्पताल। फोटो: हरिभूमि।

जिले में पशुओं के उपचार का समुचित इंतजाम नहीं है। इनका उपचार करने के लिए बने पशु अस्पतालों में 23 अस्पताल वेटनरी सर्जन चिकित्सक विहीन हैं। जिले में स्थित 66 पशु अस्पतालों में से केवल 43 अस्पतालों में वेटनरी सर्जन हैं, बाकी अस्पताल वीएलडीए के सहारे चलाए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग में अन्य पद भी काफी संख्या में रिक्त हैं। दवाओं की तो लंबे समय से कमी बनी हुई है। इससे पशुपालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौर हो कि इस समय जिला में 66 पशु चिकित्सालय चल रहे हैं, जिनमें पशुओं के घावों, बीमारियों और मानसिक विकारों का ईलाज किया जाता है। साथ ही पशु चिकित्सक पशुओं के प्रजनन, पालन और पोषण पर भी रिसर्च करते हैं, लेकिन इन सबके बावजूद चिकित्सालयों में पशु चिकित्सकों एवं दवाओं की कमी बनी हुई है। पशु अस्पतालों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली दवा फिनायल भी खत्म हो चुकी है।

रूई, पट्टी, फिनायल, भूख लगने का पाउडर, दस्त और पेट के कीड़े मारने की दवा पशु अस्पतालों की आधारभूत दवा हैं, लेकिन पशु अस्पतालों में इन दवाओं का स्टॉक खत्म हो चुका है। वीएलडीए व पशु चिकित्सक मरहम-पट्टी व फिनायल पशुपालकों से ही मंगवाते हैं। अस्पतालों में आधारभूत दवाएं न होने पर वीएलडीए व पशु चिकित्सकों को पशुपालकों की सुनने को मजबूर है।

### सर्जरी की सुविधा नहीं

जिले में पशु की सर्जरी की भी कोई विशेष सुविधा नहीं है। जिन पशुओं के बीमार होने पर सर्जरी की आवश्यकता होती है, उसके लिए सर्जरी ही उसका उपचार होता है, लेकिन आसपास के केंद्रों पर पशु सर्जरी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने पशु पॉली क्लीनिक नारनौल में बनाने की एक साल पहले घोषणा की थी, लेकिन अब तक यह अस्तित्व में नहीं आया है। पॉली क्लीनिक के अभाव में जरूरतमंद पशु पालकों को रिवासा में यूनिवर्सिटी के बने रिसर्च केंद्र पर जाना पड़ता है।

### दवाओं का भी टोटा

पशु अस्पतालों में कोरोना महामारी के पश्चात से ही दवाओं का भारी टोटा बना हुआ है। नाममात्र की दवाएं करीब तीन माह पहले नवंबर माह में आई थी, जो अब खत्म हो चुकी हैं। इन हालातों में पशु पालकों को पशु बीमार होने निजी खर्च पर मेडिकल स्टोर से दवाएं परचेज करनी पड़ रही हैं।

### यह कहते हैं डीडीए

पशु पालन विभाग के उप निदेशक डा. नसीब सिंह ने बताया कि चिकित्सकों एवं स्टॉफ के लिए पत्राचार किया गया है, लेकिन फिर भी सभी अस्पतालों में चिकित्सक एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जहां वेटनरी सर्जन नहीं है, उन पशु चिकित्सालयों को वीएलडीए द्वारा चलाया जा रहा है। दवाएं भी समय-समय आती रहती हैं। इस साल तीन एंबुलेंस मिलनी हैं, जिनसे चिकित्सा सेवाओं में सुधार आने की संभावना है।

### 3 एंबुलेंस मिलने की उम्मीद

बेशक से जिले में पशु चिकित्सकों एवं दवाओं की कमी बनी हुई है, लेकिन इस साल जिले को तीन पशु एंबुलेंस मिलने की संभावना है। एंबुलेंस मिलने पर बीमार पशु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकेगा तथा उसे उपचार मिल सकेगा। एंबुलेंस को चिकित्सा स्टाफ मिलने की भी संभावना है।

### जिले में पशुओं की स्थिति

जिले में इस समय 308636 पशुओं को पशुपालकों द्वारा पाला जा रहा है, जिनमें गाय 51113, भैंस 187207, भेड़ 22995, भेड़-बकरी 45967 तथा सुअर 2354 हैं। अनेक लोग अपने घरों में कुत्ते, बिल्ली, ऊंट, घोड़े एवं दूसरे जानवर भी पालते हैं।

# ठंड ने कंपकपाया, न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियल पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- लगातार गिर रहा दिन और रात का तापमान, बढ़ेगा ठंड का प्रकाप

भीषण हाड़कंपा देने वाली ठंड का शिकंजा उत्तरी मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले पर लगातार कसता ही जा रहा है। जिससे सम्पूर्ण इलाके पर गंभीर कोल्ड डे, गंभीर कोल्ड वेब, शीतलहर व गंभीर कोहरा अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। साथ दिन व रात के तापमानों में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। जिसकी वजह से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कड़ाके की ठंड से आमजन ठिठुरने को मजबूर हो गया है।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि सम्पूर्ण मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश में गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन का तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस से 15.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किए जा रहा है। कुछ स्थानों पर रात्रि व दिन के तापमान एक जैसे ही बने हुए हैं। यानी सम्पूर्ण इलाके में आमजन को दिन व रात में भीषण हाड़कंपा देने वाली ठंड से दो चार होना पड़ रहा है। साथ ही हिमालय की हिमाच्छादित शिखरों से बर्फिली हवाओं की वजह सम्पूर्ण इलाके में शीतलहर भी तीखे तेवरों से आगाज किए हुए हैं। रात्रि तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। वीरवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस से 10.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 5.0 डिग्री सेल्सियस व 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जिले में नारनौल का दिन का तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 9.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। जिसके चलते वीरवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले चार दिनों तक सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में इस प्रकार की चरम स्थितियों में कमी नहीं आएगी। सात व आठ जनवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पर्वतीय क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी व सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इस दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी/मावठ होने की संभावना है। इस दौरान ठंड के कहर से राहत भी मिलेगी, लेकिन 11 जनवरी के बाद एक बार फिर से हवाओं की दिशा बदल जाएगी और कड़ाके की ठंड प्रचण्ड तेवरों से आगाज करेगी।

# साइलेंट अटैक से बाल भवन कर्मी की मौत, ठंड बताई जा रही वजह

**नारनौल।** बाल भवन में कार्यरत एक कर्मचारी तेज सर्दी की चपेट में आ गया और बुधवार देर रात को आए साइलेंट हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। बुधवार सुबह नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजन को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से गांव दाड़ी आदमपुर दादरी के रहने वाले बलवान बजाड़ शहर के निजामपुर रोड स्थित बाल भवन में बतौर लिपिक के पद पर कार्यरत थे और रेवेन्यू कालोनी में बने सरकारी आवास में परिवार सहित रह रहे थे। बुधवार सुबह वह अपने कार्यालय में गए और शाम को वापिस घर आने के बाद उन्होंने अपने परिजनों से कहा कि बहुत तेज सर्दी लग रही है और तबीयत भी ठीक नहीं लग रही है। इसके बाद वह शाम को खाना खाने के बाद दवा लेकर सो गए। बलवान की सुबह जल्दी उठने की आदत थी। वीरवार सुबह जब उनकी पत्नी उनको जगाने लगी, तो बलवान ने कुछ प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर उसने अपने ससुर को बताया तो आसपास के लोगों की मदद से बलवान को जयपुर हार्ट अस्पताल ले जाया गया।

# नशीली दवाइयां बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला में नशा से संबंधित कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने वीरवार लघु सचिवालय में नाकार्े कोआर्डिनेशन व चिन्हित अपराध के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में दिए। डीसी ने कहा कि दवाइयों की दुकान पर लगातार छापेमारी की जाए। कहीं भी गैर कानूनी तरीके से नशे की दवाइयां बेचने की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। नागरिकों से आह्वान किया है कि वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जिला में नशा छुड़वाने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद व सरकारी अस्पताल में दो नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे हैं। इन दोनों ही जगह पर सरकार की ओर से सभी प्रकार की सुविधाएं मुफ्त दी जाती है। इसके अलावा चिन्हित अपराधों की बैठक लेते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों के मामले में केस की अच्छी तरह से स्टडी करके बेहतर तरीके से कोर्ट में पैरवी की जाए। ऐसे मामलों में जल्द से जल्द न्याय दिलाने के प्रयास होने चाहिए। जिला न्यायवादी को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की पूरी मजबूती के साथ कोर्ट में पैरवी की जाए। किसी भी केस में साक्ष्यों का अभाव और कमजोर पैरवी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर एसपी नितिश अग्रवाल, एसपी जेल संजय, डीएसपी सरवर सिंह, रोहतास, जिला न्यायवादी रमणीक यादव, पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।



## मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी ने किया ट्रैनिंग कार्यशाला का निरीक्षण, दिए निर्देश

**महेंद्रगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रही कर्मयोगी मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग का नोडल अधिकारी सुकर्मपाल यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मिशन कर्मयोगी एक ऐसी ट्रेनिंग है, जिसमें हरियाणा सरकार के सभी विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार लाने के मकसद से इस ट्रेनिंग को आरंभ किया गया है। वहीं दूसरी ओर संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया कि सिविल सेवकों के लिए क्षमता निर्माण और आत्मबोध जागृति के लिए एक बड़ा राष्ट्रीय कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग एक महीने से शिक्षा विभाग के सभी श्रेणी के कर्मचारी एवं अधिकारियों को कर्मयोगी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक खंड में हरियाणा लोक प्रबंधन संस्थान गुरुग्राम के द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा महेंद्रगढ़ जिले के सभी सरकारी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रत्येक खंड में शिक्षा विभाग के सरकारी कर्मचारी 30- 30 के दो बैच में मिशन कर्मयोगी हरियाणा का प्रशिक्षण ले रहे हैं। ट्रेनिंग में डाइट से डॉ. सुरेंद्र चौधरी, डॉ. नरेश कुमार, मनोवैज्ञानिक सूर्यकांत यादव, प्रवक्ता अरुण कुमार, प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।



# पटवार व कानूनगो की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

- हड़ताल का अंतिम दिन आज, मांगे नहीं मानने पर बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन वीरवार को भी धरना लघु सचिवालय पार्क में जारी रहा। इस अवसर पर धरने पर बैठे जिलेभर के पटवारी एवं कानूनगो ने वेतन विसंगति से संबंधित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए नारेबाजी की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि हाड़ कपकंपा देने वाली इस सर्दी के मौसम में राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कर्मचारी मजबूरीवश अपने तफ्तरों को छोड़कर आज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर है। हड़ताल के चलते लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर यह हड़ताल अनिश्चितकालीन हो जाती है, परेशानी और ज्यादा बढ़ जाएगी।

महेंद्रगढ़ तहसील प्रधान पटवारी विकाश पूनिया ने कहा कि एक कर्मचारी अपनी 58 वर्ष की आयु तक सरकार की नीतियों को धरातल पर लागू करवाते-करवाते बुजुर्ग हो जाता है, लेकिन दूसरी तरफ सरकार की असंवेदनशीलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक मामूली अधिभार पड़ने के बावजूद भी सरकार पटवारी एवं कानूनगो की चिरपरिचित एवं जायज को पूर्णताः लागू करने से बच रही है। इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला सचिव राकेश यादव ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफ के विरोध में जिले के सभी पटवारी एवं कानूनगो मजबूती से एक साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन के बाद यदि राज्य कार्यकारिणी अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा करती है तो जिलेभर के पटवारी एवं कानूनगो इसमें अग्रणीय भूमिका में मजबूती से खड़ा रहेंगे। इस मौके पर धरना प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ, राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, नंबरदार व विभिन्न सामाजिक संगठनों से अपना सर्मथन दिया। इस मौके पर जिलेभर के पटवारी एवं कानूनगो मौजूद रहे।

## एचएसएससी: 6 और 7 जनवरी को होगी सीईटी फेज-2 की परीक्षा

# परीक्षार्थियों को रोडवेज में मिलेगी मुफ्त यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली सीईटी की सेकेंड फेज की परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए रोडवेज आगार नारनौल को आदेशित किया गया है, जिसके लिए नारनौल डिपो तैयार है। हालांकि फिलहाल स्पेशल बसों की व्यवस्था नहीं की जा रही। यदि परीक्षार्थी बसों के अनुरूप आ जाते हैं तो स्पेशल बसें भी भेजी जाएंगी। परीक्षार्थियों को यह यात्रा निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा उनसे कोई किराया नहीं लिया जाएगा।

गौरतलब है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से सीईटी की प्रथम फेज की परीक्षा गत दिनों आयोजित की गई थी, जिसमें सफल रहे परीक्षार्थियों की द्वितीय फेज की परीक्षा अब छह व सात जनवरी को आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में करीब 2300 परीक्षार्थी प्रदेशभर से भाग लेंगे, जिसमें जिला महेंद्रगढ़ के परीक्षार्थी भी शामिल हैं। इन्हीं परीक्षार्थियों को छह व सात जनवरी को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाना है। इस परीक्षा को मद्देनजर रखते हुए रोडवेज जीएम नारनौल ने भी बसों के परिचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह पांच जनवरी से ही इस परीक्षा के लिए तैयार रहें।

परीक्षार्थी का एडमिट कार्ड देखकर उसे निःशुल्क सेवाएं प्रदान करें। महिला परीक्षार्थियों के साथ सहायक के तौर पर एक पारिवारिक सदस्य को भी मुफ्त सुविधा प्रदान की जाए।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने सीईटी सेकेंड फेज की परीक्षा से पहले कैटेगरी नंबर 17, 32, 43 व 48 के लिए विज्ञापन संख्याः03/2023 के तहत आवेदन मांगें थे और इसकी पहले फेज की परीक्षा भी ली थी। इस परीक्षा के बाद ही अब सेकेंड फेज की परीक्षा छह व सात जनवरी को आयोजित की जा रही है।

रोडवेज के मुख्य निरीक्षक ब्रह्मप्रकाश यादव ने बताया कि इस परीक्षा के लिए बसों की व्यवस्था करने के आदेश प्राप्त हो चुके हैं। परीक्षार्थियों की संख्या इस परीक्षा के लिए बहुत कम है। इस कारण एडवांस में बसों की तैयारी नहीं की जा रही है। जो बसें रूटों पर चल रही है, फिलहाल परीक्षार्थियों को उन्हीं बसों में एडमिट कार्ड दिखाने पर निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। यदि फिर भी बस स्टैंड पर बस की सीटों के अनुरूप परीक्षार्थी पहुंचते हैं तो उन्हें स्पेशल बस की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। परीक्षार्थियों की यात्रा बिल्कुल निःशुल्क है तथा उनसे कोई किराया नहीं लिया जाएगा। जिन महिला परीक्षार्थियों के साथ केयर टेकर (एक महिला के साथ केवल एक) होंगे, उनसे भी किराया नहीं लिया जाएगा।

रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग



बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी




बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।


4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्स्ट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम




ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142




बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।





## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा नाबालिग के साथ दुर्व्यहार करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 3 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज करने के तुरंत बाद एक नाबालिग लड़के को अभिरक्षा में लिया गया है। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी के आरोप में दो गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 19 अगस्त को पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने महेंद्रगढ़ के झाड़ली निवासी सोनिया और तन्नू को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हत्या के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सीआईए की टीम ने 3 अगस्त को हुए झगड़े के बाद दर्ज किए गए हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़त पक्ष के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सीआईए ने इस मामले में गुरूग्राम के बिलासपुर निवासी रविंद्र उर्फ मणी, खरखड़ा निवासी अजीत सिंह व सेक्टर-6 निवासी योगेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** खोल पुलिस ने खोरी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 2 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में सलमा और ममता को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### जालसाजी का आरोपी पांच साल बाद काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए की टीम ने साढ़े पांच साल पुराने जालसाजी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 16 जून 2018 को शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में कुछ आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। राजस्थान के बाघोर निवासी आस मोहम्मद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 12 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले का आरोपी कुलदीप पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष 12 दिसंबर को एनएच-48 पर हुए हादसे के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया था। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने राजस्थान के बलदेववास निवासी गाड़ी चालक जाहिद खान को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को बेल पर रिहा कर दिया गया।

### व्यक्ति पर स्प्रे करके फसल नष्ट करने का आरोप

**कोसली।** उपमंडल के झाड़ौदा गांव के एक व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसकी गेहूं की फसल में स्प्रे कर खराब करने का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी है। गांव निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने एक बीघा भूमि पर गेहूं की फसल बो रखी थी।

---

*इस तिमाही में जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी*

# जीएसटी से आ रहा मोटा पैसा, फिर भी विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार के पास धन की कमी, कहीं भ्रष्टाचार तो नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



- आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरीश खेड़ा ने प्रदेश सरकार की मंशा पर उठाए गंभीर सवाल

प्रदेश सरकार जनता के खून पसीने से कमाई गई जीएसटी का उपयोग हरियाणा वासियों की आम जनसुविधाओं पर नही कर रही, जिसकी जनता अधिकारी है। सरकार के द्वारा जारी किए गए आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश सरकार ने इस तिमाही में जीएसटी कलेक्शन में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और यदि हम सरकार के द्वारा पेश पिछले कुछ तिमाही जीएसटी संग्रह के आंकड़े देखें तो यह आंकड़ा हर तिमाही में लगातार बढ़ता चला जा रहा है। इसका सीधा-सीधा मतलब यह है कि हरियाणा की जनता अपने खून पसीने की कमाई से प्रदेश सरकार के खजाने को भर रही है परंतु उसे खजाने का पैसा आम जनता की जन सुविधाओं के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। यह आरोप आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के उपाध्यक्ष गिरीश खेड़ा ने प्रेस विज्ञपित के माध्यम से प्रदेश सरकार पर लगाया है। उन्होंने बताया कि आज हरियाणा की लगभग सभी नगर परिषद व नगर पालिकाएं धन से वंचित है। जिससे आम जन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। आज लगभग सभी पंचायत समितियां धन के अभाव की वजह से गांव के विकास में तेजी नहीं ला पा रही। हर नगर पालिका व नगर परिषद के पार्षद और प्रधान, ग्राम सरपंच अपने आप को बेबस पाते हैं। जब वह सरकार से जन सुविधाओं के लिए पैसे की मांग करते हैं और सरकार है कि जिस उचित राशि की मांग की जाती है, वह राशि इन सभी संस्थाओं को उपलब्ध नहीं करवा रही, जिसकी वजह से जिला महेंद्रगढ़ संपूर्ण रूप से नर्क बना हुआ है। उन्होंने बताया कि अगर नारनौल शहर की बात की जाए तो महावीर चौक से लेकर आजाद चौक तक की सड़कों का निर्माण कभी लगभग 70 साल पहले हुआ था, तब से लेकर आज तक इस सड़क की सुध कभी नही ली और आज यही सड़क जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। ना जाने कितनी बार इस सड़क के निर्माण के लिए नगर परिषद में कितनी बार चर्चा हुई है, कितनी बार बजट पास हुआ है, प्रस्ताव पास हुआ है परंतु आज तक उसे सड़क का निर्माण सिर्फ कागजों में हो पाया है। चर्चाओं में हो पाया है, हकीकत में नहीं। पुलिस लाइन के सामने अधूरी बनी हुई सड़क भी पैसों के अभाव में दम तोड़े हुए है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की बात करें तो पिछले चार साल से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (नसीबपुर) स्ट्रीट लाइट से वंचित है। यहां स्ट्रीट लाइटों का बंदोबस्त करने के लिए नगरपरिषद् प्रधान और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन भी दिया गया था। सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। गिरीश खेड़ा ने सरकार से सीधे-सीधे सवाल पूछा है कि जनता के द्वारा जीएसटी के माध्यम से प्रदेश सरकार का खजाना लगातार बढ़ोतरी के साथ भर रही है तो जनता के द्वारा दिया गया टैक्स का पैसा कहां जा रहा है? ऐसा क्यों है कि पिछले नौ सालों में प्रदेश सरकार पर 70000 करोड़ से कर्जा बढ़ के 3.50 लाख करोड़ का कर्जा हो चुका है? जबकि पिछले चार सालों में दो साल पंचायत समितियां भंग थी, नगर पालिकाएं और नगर परिषद भंग थी और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन दो सालों में सरकार के द्वारा किए गए ग्राम विकास के कार्योंर् पर खर्च लगभग 75 प्रतिशत से गिरकर 25 प्रतिशत तक आ गया था क्योंकि इसी समयकाल में विकास कार्य नहीं हो पाए। ऐसे में हरियाणा सरकार के खजाने का पैसा बचा ही है। पिछले चार साल से पक्की नौकरियां ना के बराबर दी, जिसकी वजह से सरकार के खजाने पर तनख्वाह देने का बोझ कम हुआ है, इन सब खचोंर् में कमी के बावजूद भी हरियाणा सरकार पर इतना कर्ज क्यों और कैसे हो गया जबकि जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ता जा रहा है? क्या यह प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार नहीं है? यह आमजन को समझना होगा।


---

### प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ रही यात्रा : सीताराम

# सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू कर गरीब को दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल






**नारनौल।** विकसित भारत की शपथ दिलाते अटेली विधायक सीताराम यादव व उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन देते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव बवाना व डुलाना, अटेली खंड के मोहलड़ा व सलीमपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव नियामतपुर व मौरुंड तथा निजामपुर खंड के बामनवास व पवेरा गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव मोहलड़ा व सलीमपुर में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं बवाना में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा, नियामतपुर, मौरुंड, बामनवास व पवेरा में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव तथा डुलाना में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। अटेली विधायक सीताराम यादव ने गांव मोहलड़ा में संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। इस यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे है, लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए है, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने गांव बवाना में संबोधित करते हुए कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। इसी प्रकार किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है। उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर योजनाओं का लाभ उठाएं। बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार परिवार पहचान पत्र के जरिए योजनाएं लागू करके सुशासन के इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है। परिवार पहचान पत्र को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार इस कार्य को बखूबी पूरा कर रही है और लगातार इन कार्यक्रमों के जरिए गरीबों को उनका हक दिलाया जा रहा है।

#### आज इन गांवों में जाएगी यात्रा

*आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा पांच जनवरी को महेंद्रगढ़ खंड के गांव खेड़की व खायरा, अटेली खंड के बोचड़िया व हसनपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव आसरावास व नायन तथा निजामपुर खंड के सरेली व नांगल दुर्गू गांव में जाएगी। जिला प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।*



## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बवाना व डुलाना पहुंची

- नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव बवाना व डुलाना पहुंची। बवाना में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य भी मौजूद थे। गांव बवाना के सरपंच प्रवीन कुमार ने गांव के नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव डुलाना में मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान मौजूद थे। गांव डुलाना में गांव के सरपंच मुकेश देवी ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि सरकार आज जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आपके द्वार पहुंची है। अब आमजन को किसी दफ्तर में नहीं जाना पड़ता। मुख्यातिथि ने गांव के शहीद लालाराम के परिजनों को सम्मानित व गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष मोलड़राम व सबसे बुजुर्ग महिला गिरदारवी को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव डुलाना में गांव के सबसे बुजुर्ग पुरूष नोरंगलाल व बुजुर्ग महिला शांति देवी को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने गांव के स्कूल टॉपर बच्चे हिना, चंचल, देविका, राखी, कौशल, गगनदीप, ईशा, मुस्कान, मोहित व बॉक्सिंग में स्टेट जूनियर चैंपियन लोकेश को सम्मानित किया। बवाना में मुख्यातिथि सुधीर दीवान ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गांव की पानीता, सुशीला, सुमन, गीता, रिंकू यादव, रेखा, कविता, मनीषा, रूपा, कमला को गैस कनेक्शन दिए। नोडल अधिकारी सुपरवाइजर अनीता यादव की अध्यक्षता में गांव की मनीषा, शिवानी, सपना की गोद भराई व गांव की बच्ची वाणी, परी की अन्नप्राशन की रस्म की गई।

---

# स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर क्राइम पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकतेन के तत्वावधान में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने शकर कुई स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क पर बने टीनशेड के नीचे साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों को जीवन में अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। निदेशक विजय सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को दिए संदेश में कहा कि किसी भी तरह के अनजाने फोन कॉल के बहकावे में आकर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। वहीं ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधान रहने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति की ओर से भेजे गए संदेश में आए लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। पासवर्ड हमेशा मजबूत रखें। मेल एड्रेस के पासवर्ड कभी भी अपने मोबाइल नंबर, अपना नाम, अपना जन्म दिनांक पर नहीं रखें। यदि आप फिर भी आनलाइन फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं तो पुलिस स्टेशन में अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाएं। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा साइबर ठगी का शिकार होने पर कहा कि तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# आरपीएस विद्यालय में भाषा शिक्षण पर सेमिनार

- ज्ञान को बढ़ाने व शिक्षण कार्य को और बेहतर व रुचिकर बनाने में काफी लाभदायक हैं सेमिनार : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** सेमिनार में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय में भाषा शिक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राजेश दुआ ने शिक्षकों को शिक्षण कार्य के बेहतर टिप्स दिए। सेमिनार का शुभारंभ करते हुए आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्र राव ने कहा कि व्यक्ति जीवन भर सीखता है। इस प्रकार के सेमिनार ज्ञान को बढ़ाने व शिक्षण कार्य को ओर बेहतर व रुचिकर बनाने में काफी लाभदायक होते हैं। इसलिए हमें जहां से भी अच्छी बात सीखने को मिले इसका लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी शिक्षकों को सेमिनार से लाभ उठाते हुए अपने शिक्षण कार्य को ओर बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता राजेश दुआ ने कहा कि भाषा शिक्षण में उच्चारण का बड़ा महत्व होता है, जितना स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण करेंगे, भाषा उतनी ही प्रभावशाली होगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को सरल से जटिल सीखना चाहिए, उच्चारण संबंधी अशुद्धियां को दूर करने के टिप्स देते हुए अंग्रेजी भाषा शिक्षण को रुचिकर बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की अशुद्धियों को सुधारने के लिए उनको हतोत्साहित करने की बजाय उनकी अशुद्धियों को सुधारने के लिए स्पोकन का बेहतर वातावरण बनाने, उनको पहले बेसिक्स सीखाकर ज्यादा से ज्यादा बोलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बोलने में ज्यादा जटिल शब्दों का इस्तेमाल न करें, सरल शब्दों का इस्तेमाल करें। भाषा को बोलते समय गति 110 से 120 शब्द प्रति मिनट होने चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रथम भाषा हिंदी और द्वितीय भाषा अंग्रेजी के सामान्यार्जन के लिए विद्यार्थी को अनुकूल वातावरण देने की आवश्यकता होती है।

दंड की बजाय पुरस्कार किसी भी भाषा को सीखने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। सेमिनार में प्राथमिक व माध्यमिक शाखा के अध्यापक व अध्यापिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर उप प्राचार्य दिनेश कुमार, विंग हैड ममता यादव व अनीता अहलावत सहित समस्त सटाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

**राहत** | कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार 6 जनवरी तक करा सकेंगे शुद्धि

# एसएससी जीडी आवेदन पत्र में सुधार करने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** सीएससी सेंटर पर उम्मीदवार अपने आवेदन में शुद्धिकरण करवाता। *फोटो : हरिभूमि*

कर्मचारी चयन आयोग ने एसएससी जीडी कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन पत्र मांग रखे थे। सैनिक बनने की चाह रखने वाले के लिए सुनहरा अवसर था, चूंकि सेना में 26146 पदों पर भर्ती हो रही है। यदि उम्मीदवार से फॉर्म भरते समय कोई गलती हो गई है, तो उसमें सुधार करने का अवसर दिया है, जो उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में बदलाव करना चाहते है, वे ऑनलाइन माध्यम से एसएससी डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर कर शुद्धि सकते है। उम्मीदवार छह जनवरी तक अपने आवेदन फॉर्म में संशोधन कर सकते है।

जानकारी के अनुसार उन्हें आवेदन पत्र में सुधार करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त अपना लॉगिन विवरण प्रदान करना आवश्यक है। जीडी आवेदन पत्र में सुधार करने की अनुमति है। निर्धारित तिथि के बाद विवरण में किसी भी सुधार पर विचार नहीं किया जाएगा। घर से जीडी आवेदन सुधार के लिए उम्मीदवारों को क्रेडिट, डेबिट, नेट बैंकिंग, यूपीआई के माध्यम से अतिरिक्त शुल्क जमा करना होगा। सटीक विवरण प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर है। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सुधार बहुत सावधानी से करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में उन्हें सुधार का कोई और मौका नहीं दिया जाएगा। इसलिए सुधार करते

#### आवेदन पत्र सुधार शुल्क

एसएससी जीडी कांस्टेबल आवेदन फॉर्म को ठीक करने के लिए उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम जैसे भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड का उपयोग करके करना होगा। उम्मीदवारों को पहली बार सुधार करने या संशोधित आवेदन पत्र दोबारा सबमिट करने के लिए 200 रुपये व दूसरी बार 500 रुपये का भुगतान करना होगा।

#### 20 फरवरी से 12 मार्च तक होगी 160 मार्क्स की ऑनलाइन परीक्षा

एसएससी जीडी भर्ती प्रक्रिया में परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से होगी। कांस्टेबल कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होते है। सीबीटी के चार खंड है, जिसमें सामान्य ज्ञान व सामान्य जागरूकता, सामान्य बुद्धि व तर्क, अंग्रेजी/हिंदी और प्रारंभिक गणित शामिल है। प्रत्येक पेपर में कुल 40 अंक के 20 प्रश्न होंगे।

### ऑटो चालकों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद

*बावल। बणीपुर चौक पर ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में एक चालक ने दूसरे को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन चिरहाड़ा निवासी सनोज ने बताया कि वह बणीपुर चौक से रेवाड़ी के बीच ऑटो चलाता है। ऑटो चालक नंबर के हिसाब से चलते हैं। उसका नंबर आने पर उसने सवारी बैठाने के लिए ऑटो को स्टैंड पर लगाना चाहा, तो उसी के गांव के गुलशन ने ऑटो लगाने से मना कर दिया। जब उसने गुलशन को बताया कि उसका नंबर है, तो उसके साथ गुलशन ने मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे लोहे की रॉड से पीटा गया।*

**सूचना**

मै, निर्मला देवी विधवा सरदार सिंह उम्र 60 वर्ष वासी गांव खोड तहसील अटेली मण्डी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दिनेश व पुत्रवधू प्रीति मेरे कहने सुनने से बाहर है व मेरे साथ लडाई झगडा करते हैं। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में कोई व्यक्ति इनसे लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

## खबर संक्षेप

### मकान के बाहर खड़ा टैंपो ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास से चोर एक मकान के बाहर टैंपो चोरी कर ले गए। पुलिस का दर्ज शिकायत में विनयपाल ने बताया कि रात के समय उसने अपना टैंपो मकान के पास गली में खड़ा किया था। सुबह जब वह कहीं जाने के लिए मकान से बाहर आया तो उसे टैंपो गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी टैंपो का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद टैंपो की तलाश शुरू कर दी।

### दंपति व बेटे से मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रामपुरा गांव में अपने खेत की तारबंदी करते हुए दंपति और उनके बेटे को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस बयान ने रजनी देवी ने बताया कि वह, उसका पति नरेंद्र और बेटा विशाल खेत में पशुओं से सुरक्षा के लिए तारबंदी करने के लिए गए थे। वहां आकर पड़ोसी बंशीधर, हर्षित, देव, सीमा, पिंकी, बिरेंद्र और दो-तीन अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### होटल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** कानोड़ गेट के पास चोर एक होटल के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में यूपी के जिठौली निवासी हरवीरपाल ने बताया कि वह एक कंपनी में सेल्स मार्केटिंग का कार्य करता है। वह कानोड़ गेट के पास होटल में कमरा लेकर ठहरा हुआ है। रात के समय उसकी बाइक होटल के बाहर खड़ी थी। सुबह जब वह उठकर होटल से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### स्टेशन और ट्रेन से अवैध शराब बरामद

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन और एक ट्रेन से अवैध शराब बरामद होने के बाद दो केस दर्ज किए हैं। चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर बैंच के नीचे बैग से पांच बोतल शराब मिली। अजमेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस से अवैध शराब मिलने का दर्ज किया गया है।

# 10 दिन बाद एसडीएम का आश्वासन मिलने पर पीड़ित परिवार ने खत्म किया धरना

**पैमाइश करवाकर दिया जाएगा विवादित जमीन में हिस्सा, प्लाट का रास्ता दिलाने की मांग को लेकर 26 दिसंबर को परिवार के साथ धरने पर बैठी थी वृद्धा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लघुसचिवालय में 10 दिन से प्लाट के लिए रास्ता दिलाने की मांग को लेकर चल रहा धरना वीरवार को एसडीएम हर्षित कुमार के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। एसडीएम हर्षित कुमार ने पीड़ित परिवार को हर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि विवादित जमीन की पैमाइश करवाकर उनके हिस्से की जमीन दिलाई जाएगी, बाकि बची हुई विवादित जमीन पर जब तक फैसला नहीं आता, तब तक पंचायत की देखरेख में रहेंगी तथा किसी भी पक्ष के द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। एसडीएम के इस निर्णय पर धरनारत परिवार सहमत हो गया और अपना धरना समाप्त कर दिया।

26 दिसंबर को गांव चितंलाग निवासी एक महिला प्लाट के लिए रास्ता दिलाने की मांग को लेकर 75 वर्षीय अपनी सास तथा पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के साथ धरने पर बैठ गई थी। गांव चितंलाग निवासी महिला कृष्णा देवी ने बताया था कि गांव की अनुसूचित जाति बस्ती में उनका प्लाट है। वह गांव के पंचायती रास्ते की तरफ अपने प्लाट का दरवाजा निकालना चाहती है, लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा उनके प्लाट का आगे से रास्ता बंद कर दिया है। महिला ने बताया कि 23 अक्टूबर को जब गांव के कुछ लोग उनके प्लाट के आगे से रास्ता बंद कर रहे थे तो उसने रोकने के प्रयास किया था। इस दौरान उस परिवार की महिलाओं ने जातिसूचक शब्द प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट भी की।

जिससे उसको काफी चोटें आई। इसके बाद वह सामान्य अस्पताल में भर्ती हुई तथा सदर थाना



- एससी बस्ती में प्लाट का दरवाजा रोकने पर शुरू किया था धरना
- पीड़ित परिवार को आश्वासन देते एसडीएम

पुलिस उसके ब्यान भी लेकर गई। 28 अक्टूबर को उसने पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत भी दी थी। इस दौरान उसने पुलिस कर्मचारियों को मारपीट की वीडियो भी दिखाई थी। इसके बावजूद भी पुलिस कर्मचारियों ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद एक फिर से आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की थी। महिला का कहना है था कि उसका पति राजस्थान में मजदूरी का कार्य करता है। वह अपनी सास व बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। आरोपित लगातार उनकी धमकी दे रहे है। महिला का आरोप था कि वह तीन बार पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दे चुकी है, लेकिन आरोपितों पर अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इसके अलावा डीसी दरबार में भी वह शिकायत दे चुकी है, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई अमल नहीं हुआ। मजबूरन उसको अपने परिवार के साथ धरने पर बैठना पड़ा। वीरवार को धरने के 10 दिन बीत जाने के बाद एसडीएम हर्षित कुमार के आश्वासन पर पीड़ित परिवार ने धरना समाप्त किया तथा कहा कि जब तक फैसला नहीं आता, तब तक पंचायत की देखरेख में रहेंगी तथा किसी भी पक्ष के द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। इस मौके पर डीएसपी रणबीर सिंह, सिटी एसएचओ मूलचंद तंवर, सदर एसएचओ देवेंद्र यादव, सुपरिडेंट सुदेश पूनियां, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, ब्रह्मानंद वाल्मीकि व जगदीश महायच इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## बाछौत हवाई पट्टा का किया जाएगा विस्तार: डिप्टी सीएम

# 200 एकड़ जमीन खरीदेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसका सबसे अधिक फायदा दक्षिणी हरियाणा को मिला है। हाइवे की बदौलत यह इलाका पिछड़ी से अग्रणी श्रेणी में आ चुका है। अब यह इलाका उद्योग लगाने के लिए सबसे उपयुक्त जगह है। प्रदेश सरकार पदमा योजना के तहत (प्रोग्राम टू एक्सीलेरेट डेवलपमेंट फार एमएसएमई एडवांसमेंट) युवा उद्यमियों को तैयार करेगी। चौटाला वीरवार को जिले के गांव खेडी कांटी, सलीमपुर तुर्कियावास, भोजावास, दौंगड़ा जाट, खेड़ी तलवाना, बागौत, उन्हानी में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले चार साल में कोरोना की मार के बावजूद प्रदेश में 38 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। यह रिकॉर्ड है। वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट के तहत सरकार न केवल अपने यहां बनने वाले क्षेत्रीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेगी बल्कि युवा उद्यमियों को भी तैयार करेगी। ऐसे युवा उद्यमियों के लिए राज्य सरकार ने वेंचर कैपिटल (उद्यम पूंजी) फंड स्थापित करने का निर्णय लिया है।



**नारनौल।** जनसभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

### 3500 ने कह स्काईड्राइविंग

उन्होंने कहा कि जिले की बाछौद हवाई पट्टी के विस्तार के लिए पंचायत भूमि तथा ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 200 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। सरकार ने यहां पर फ्लाइंग स्कूल खोलकर युवाओं को एविएशन क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दिया है। यहां पर 100 बच्चों को फ्लाइंग का लाइसेंस दिया जा चुका है, जिनमें में से 29 बच्चे नौकरी में भी लग चुके हैं। फिलहाल यहां 78 युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्काईडाइविंग में यह हवाई पट्टी देश में अग्रणी स्थान रखती है। पिछले वर्ष यहां 3500 लोगों ने स्काईडाइविंग की थी।

प्रदेश सरकार जनता की सोच के अनुरूप काम कर रही है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी योजनाएं पारदर्शी तरीके से लागू की जा रही है। लगभग 600 सुविधाएं आनलाइन की गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले किसान फसल बेचने के बाद आढ़ती के चक्कर काटते थे। अब सीधे किसान के खाते में पोर्टल के माध्यम से पैसे भेजे जा रहे हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से पिछले वर्ष पाले से फसल खराबा की 78 करोड़ की राशि किसानों के खाते में डाली गई थी। फर्द लेने में पहले महीनों लगते थे, आज एक क्लिक पर फर्द उपलब्ध है। डिप्टी सीएम ने सभी गांवों में सरपंचों की तरफ से रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। गोशालाओं के लिए उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में 500 से अधिक पशु है, वहां पर गौ सेवा आयोग के जरिए ग्रांट दी जाएगी। ऐसे में गौशाला संचालक पोर्टल पर पंजीकृत करवाएं। इसी प्रकार उन्होंने ई-लाइब्रेरी के संबंध में कहा कि जहां सरपंच जगह उपलब्ध करवाएंगे वहां पर ई-लाइब्रेरी खुलवा दी जाएगी।

### कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का दिया मंत्र

मंडी अटेली/नारनौल। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर संगठन की ताकत को बढ़ाना है। हर गांव, हर चूल्हे पर अपनी बात पहुंचाने के लिए हर बूथ एक सखी तथा हर बूथ पर एक योद्धा बनाएंगे। वह वीरवार अटेली खंड के गांव खेड़ी कांटी, सलीमपुर व भोजावस में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जजपा एक ऐसी पार्टी है जिसने गठन के 11 महीने बाद ही प्रदेश में 16 लाख वोट हासिल किए थे। अब पार्टी को छह साल हो चुके हैं। हम सबको मिलकर पार्टी को लगातार विस्तारित करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार करें। एक-एक कार्यकर्ता रोजाना पार्टी की नीतियों को लेकर घर से बाहर निकले। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर घर पर शान के साथ पार्टी का झंडा लहराएं। यह अभियान लगातार जारी रहना चाहिए। संगठन की ताकत लगातार बढ़ाने के लिए हर पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके हमारी नीतियों के अनुरूप सोच रखने वाले लोगों को पार्टी में शामिल करें। उपमुख्यमंत्री ने सभी गांवों में सरपंचों की ओर से रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा मनीष शर्मा ने की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवरसिंह कलवाड़ी, राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, सुरेश शास्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, तेज प्रकाश एडवोकेट, संजीव तंवर, अशोक सैनी, जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, महिला जिला अध्यक्ष सुविधा शास्त्री, युद्धवीर पालड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रामकुमार मकसूसपुर, सुरेंद्र पटीकरा, लक्की सरदार, सावित्री गुर्जर, कर्मवीर यादव, बेदु राता, डॉ राजकुमार यादव, प्रमोद ताखर एडवोकेट, सुलोचना ढिल्लो, सुमन कारिया, खेड़ी सरपंच सत्यनारायण, पार्षद मुनीपाल, विजय छिलरो, धर्मवीर यादव, हजारीलाल लम्बोरा, चैनसुख तोताहेड़ी, विष्णु सरपंच, नवीन राव, जोनी, दीपक यादव, धीरज शर्मा के अलावा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### खेड़ी में यह की घोषणाएं

अटेली विधानसभा के गांव खेड़ी में पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का ग्रामीणों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों की मांग सुनने के बाद डिप्टी सीएम ने गांव से गंदे पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए। पंचायत द्वारा जगह उपलब्ध करवाते ही गांव में आईटीआई बनाने की घोषणा की। गांव में आंगनवाड़ी केंद्र की स्वीकृति। गांव में कम्युनिटी सेंटर तथा ई लाइब्रेरी बनाने की भी घोषणा की। वहीं स्टेडियम की चार दीवारी को बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एसडीएम को गांव के सरकारी स्कूल की पुरानी बिल्डिंग की जगह नए भवन बनाने का एस्टीमेट भेजने के निर्देश दिए।



**मंडी अटेली।** सिहमा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सिहमा में घर-घर दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को लेकर सिहमा में वीरवार को राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई व निमंत्रण भी दिया गया। सिहमा में ने पूजित अक्षत व श्रीराम मंदिर का चित्र व निमंत्रण पत्रक वितरण किया। इस मौके पर अशोक शर्मा ने बताया कि देशभर में 45 प्रांत और 11 क्षेत्रों में एक साथ अक्षत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। देशभर में करीब एक लाख से अधिक टोलियां अक्षत वितरण का कार्य कर रही है। प्रत्येक टोली में पांच से छह सदस्य हैं। टोली के सदस्य प्रत्येक परिवार से आग्रह कर रहे हैं कि 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जाएं, बल्कि अपने घर, गांव, गली मोहल्ले में ही किसी न किसी धार्मिक कार्यक्रम के जरिये प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ें। इस मौके पर रणबीर ठाकुर, सुरेंद्र, बीरेंद्र, राजकुमार, भरतपाल, अशोक शर्मा, सूरजभान व महिपाल मौजूद रहे।



**मंडी अटेली।** नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# आंखों से इस सुंदर संसार को देख पाते हैं हम सभी: प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अग्रवाल सभा की ओर से अटेली मंडी के राधा-कृष्ण मंदिर में वीरवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रवीण कुमार व डॉ. विकास कुमार ने शुभारंभ किया। शिविर में 425 मरीजों की जांच की गई तथा 120 को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। सभा के प्रधान संजय अग्रवाल कांटीवाले आने वाले ने मेहमानों को स्मृति चिह्न भेंट किए। शिविर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई तथा जिन्हें ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया है, निःशुल्क ही ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर प्रोफेसर प्रवीण यादव ने कहा कि आंख है तो जहान है। आंखों की बदौलत व्यक्ति इस सुंदर संसार को देखता है। सभा ने आंखों के कैंप का आयोजन कर एक पुनीत कार्य किया है। उपप्रधान महेंद्र गोयल के नेतृत्व में स्वयंसेवक के तौर पर युवाओं ने ड्यूटी दी।

# कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन

- डॉ. अनूप, डॉ. सुषमा, प्रो. विनोद, डॉ. चंद्रमोहन व डॉ. नीरज कुमारी ने किया संपादन

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनूप यादव व डॉ. सुषमा, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा के प्रो. विनोद कुमार गर्ग तथा केआर मंगलम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के डॉ. चंद्रमोहन व डॉ. नीरज कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। ह्यग्रीन केमिस्ट्री अप्रोचेज टू एनवायर्नमेंटल सस्टेनेबिलिटी स्टेटस, चैलेंजेज एंड फ्यूचर पर्सपेक्टिव्सह्य नामक पुस्तक का प्रकाशन एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित की गई। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने खतरनाक दर से घटते प्राकृतिक संसाधनों और कच्चे माल के गंभीर मुद्दे पर प्रकाश डाला। उन्होंने हरित रसायन विज्ञान के महत्वपूर्ण क्षेत्रों और समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में पुस्तक की भूमिका पर प्रकाश डाला। कुलपति ने कहा कि अवश्य ही यह पुस्तक र्यावरणीय स्थिरता और हरित रसायन विज्ञान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. अनूप यादव ने कहा कि यह पुस्तक हरित रसायन विज्ञान के क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधकताअरं और अकादमिक पेशेवरों के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। उन्होंने कहा पर्यावरणीय स्थिरता के लिए हरित रसायन विज्ञान दृष्टिकोण मौलिक रासायनिक सिद्धांतों को शामिल करते हुए हरित रसायन विज्ञान के उभरते अनुशासन का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। इस पुस्तक में सतत विकास के लिए आवश्यक जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा व पानी, हवा और मिट्टी में मौजूद प्रदूषकों के निवारण विषयों को सम्मिलति किया गया है।



**महेंद्रगढ़।** पुस्तक का विमोचन करते कुलपति। *फोटो : हरिभूमि*

# थाना प्रबंधक ने सरपंचों के साथ की समीक्षा बैठक

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी प्रबंधक एसआई भूपेंद्र ने सरपंचों के साथ बैठक की। इस दौरान नांगल चौधरी क्षेत्र के अनेक गांवों के सरपंचों मौजूद रहे। इस अवसर पर धुंध, कोहरा व सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने को मद्देनजर थाना प्रभारी ने गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के संबंध में दिशानिर्देश दिए। थाना प्रभारी ने सरपंचों को गांव में आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने के साथ-साथ गांवों में चोरी इत्यादि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक गांव में ठीकरी पहरा लगाने की हिदायत दी गई। गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सरपंचों को बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से हरियाणा उदय मुहिम शुरू की हुई है। पुलिस नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें खेल प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। सभी सरपंचों से अपने गांव में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया।



**नारनौल।** सरपंचों की बैठक को संबोधित करते थाना प्रबंधक भूपेंद्र। *फोटो : हरिभूमि*

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से 13 मार्च से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को 298वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलंग ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि हाडकंपा देने वाली ठंड में ग्रामीणों के हालात नाजुक हैं। पिछले 10 महीने से उनका धरना जारी है। ठंड एवं धुंध-कोहरे के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। धरने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे और ग्रामीणों को जल्द ही कट का निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। इस मौके पर सतपाल सिंह, रणधीर पहलवान, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेरसिंह आदि मौजूद रहे।



**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोड़ने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### संतोष यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**कनीना।** पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। इस अवसरपर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजकुमार कानीनवाल, श्रीराम शर्मा बागोत, सूबेदार मुन्नालाल शर्मा, धीरज कुमार, ओमप्रकाश, सुरेंद्र कुमार, रणसिंह, मंडल अध्यक्ष अत्तर सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**सैनिक बनने की जिद : परिजनों के कहने पर जॉब के लिए दी 35 परीक्षाएं**

# अब सीआरपीएफ में एसआई, पुलवामा में पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- कोविड में जब सब भय के साये में जी रहे थे, तब घनश्याम सैनी ने ऑनलाइन जारी रखी पढ़ाई
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नवंबर-2022 में मिला जॉब कार्ड, एक साल तमिलनाडू में ट्रेनिंग कर घर लौटा घनश्याम

अगर हौंसले बुलंद हो और युवा टारगेट पर निशाना साधते हुए चले तो हर मंजिल आसान हो जाती है। इसी तरह एक युवा है, जिसने सेना में ही भर्ती होने की जिद की। परिजन उसे अन्य जॉब करवाना चाहते थे। परिजनों के कहने पर मन मार करीब 35 अलग-अलग जॉब के लिए परीक्षा व इंटरव्यू दिया। लक्ष्य कहीं ओर था, आखिर वहीं हुआ। सेना में भर्ती होने के जुनून के आगे सब फीका हो गया। आखिरकार सीआरपीएफ में एसआई के लिए सलेक्शन हो गया। नवंबर-2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉब कार्ड दिया। फिर एक साल तमिलनाडू में ट्रेनिंग करने के बाद अब यह युवा घर लौटा तो परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं है। यह युवा नारनौल शहर के मौहल्ला सलामपुरा वासी मास्टर रामजीलाल सैनी का बेटा घनश्याम सैनी है। रामजीलाल शिक्षा विभाग में हेडमास्टर से रिटायर होकर घर आराम कर रहे है। माता सरला देवी इस समय शहर में बहरोड रोड स्थित सैनी स्कूल की इंचार्ज के रूप में सेवाएं दे रही है। आपको बताते चले कि घनश्याम सैनी का जन्म तीन सितम्बर 1997 को हुआ। 10वीं व 12वीं सरस्वती स्कूल नसीबपुर से की। फिर महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से रोहतक कैंपस में ही रहकर मैकेनिकल इंजीनियरिंग बीटेक साल 2019 में की। इस दौरान कई सरकारी जॉब में परिजनों के कहने पर इंटरव्यू दिया। परिजनों के कहने पर ही बीटेक की। जब घर में परिजनों के सामने बैठकर कभी बातचीत होती तो घनश्याम मन की बात कहता कि उसे सेना में जाना है। देश सेवा करनी है। परिजन उसे सेना में नौकरी करने की बजाय अन्य बिना वर्दी वाली सरकारी नौकरी करने के लिए तैयार करते। यहीं नहीं, ऐसी नौकरियों के लिए आवेदन करने, परीक्षा देने व इंटरव्यू देने के लिए तैयारी करने के लिए कहते। इस तरह घनश्याम ने करीब 35 अलग-अलग नौकरियों के लिए आवेदन किया। किंतु मन में सिर्फ सेना में ही भर्ती होने का लक्ष्य था। उसी लक्ष्य को केंद्र बनाकर कोविड काल में ऑनलाइन ही घर पर तैयारी शुरू की। एक के बाद एक कदम आगे बढ़ते गए और सफलता मिल गई। नवंबर-2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉब मेला लगाकर घनश्याम को सीआरपीएफ में एसआई पद का जॉब कार्ड दिया। फिर तमिलनाडू में एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक ट्रेनिंग की। अब ट्रेनिंग पूरी कर घनश्याम घर लौटा तो परिजनों फूले नहीं समां रहे। वह यहां 25 दिन छुट्टी पर आया है। फिर 182 बटालियन पुलवामा में अपनी सेवाएं देगा। घनश्याम ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।



**नारनौल।** सीआरपीएफ में एसआई बना घर लौटा घनश्याम सैनी अपने माता-पिता के साथ। *फोटो : हरिभूमि*